Rajasthan Police

।। प्रेस नोट ।।

थानाधिकारी पुलिस थाना विवेक विहार जोधपुर, पश्चिम

@dcpwestjodhpur
Dcp jodhpur west
psvivekviharjdr@gmail.com
8764519202
0291-2650758

दिनांक 20.03.2023

- **पुलिस थाना विवेक विहार की लूट करने वालो के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही**
- **आम राहगीर को महिला द्वारा ईशारा कर रोककर उनके साथी द्वारा लूट करना**
- **लूट करने वालों को पर्दाफाश कर 03 घंटों में 01 गिरफ्तार व लूट के जेवरात बरामद**

पुलिस आयुक्त महोदय श्री रविदत गौड़ एवं श्रीमान् गौरव यादव, पुलिस उपायुक्त, जोधपुर, पश्चिम के निर्देशन में **व** श्रीमती चंचल मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम एवं श्रीमान नरेन्द्रसिह, सहायक पुलिस आयुक्त वृत बोरानाडा **के सुपरविजन में दिनांक 03.08.2023 को 15 सेक्टर के पास राह चलते व्यक्ति को महिला द्वारा ईशारा कर रोकना व महिला के पुरूष साथी के साथ मिलकर सोने का फूल लूट करने** वाले व्यक्तियो की तलाश व दस्तयाबी हेतु थाना पर एक विशेष टीम का गठन कर अपराधियो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने हेतू थानाधिकारी राजेन्द्रसिंह चारण निपु को उचित दिशा निर्देश प्रदान किये। जिस पर थानाधिकारी द्वारा एक विशेष टीम का गठन किया गया।

घटना का विवरण :–

वाक्यात मुकदमा हाजा इस प्रकार है कि दिनांक 3.8.2023 को मै मेरी मोटरसाईकल न. आरजे 22 एसआर 8898 से जोधपुर बोरानाडा रिलायस पेट्रोल पम्प के पिछे कमठे का काम करने आया था तथा कमठे का काम करके वापिस अपनी मोटरसाइकिल पर बोरानाडा से गांव के लिए रवाना हुआ और वक्त करीब 4.50 पीएम पर विवेक विहार 15 सेक्टर फ्लैट के सामने पहुचा तो रोड़ पर एक औरत के द्वारा ईशारा करने पर मैने मेरी मोटरसाईकिल रोक दी तो एक आदमी अचानक झाडियों से निकल कर मेरे सामने आ गया तथा महिला ने मेरे गले मे पहने सोने के फुल को हाथ से खीचकर तोड़ लिया व उसके पुरूष साथी ने वहा पर धक्का दे दिया व मेरी मोटरसाईकल की चाबी झाड़ियो मे फेक कर भाग गये। मेरे साथ लुट करने वाले के खिलाफ कानुनी कार्यवाही कर मेरे को न्याय दिलावे । वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 190 धारा 392/34 भादस मे दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

पुलिस कार्यवाही:– प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस थाना विवेक विहार की टीम द्वारा घटना स्थल व आस पास के सीसीटीवी फुटेज चैक कर लूट करने वाले व्यक्तियों की तलाश की गई। सदिग्धों से पूछताछ व तकनीकी साधनो का उपयोग व खास मुखबीरों से सूचना संकलित कर संभावित ठिकानों पर दबीश दी जाकर घटना में संलिप्त महिला विधादेवी को दस्तयाब किया जाकर बाद पूछताछ घटना कारित करना स्वीकार करने पर गिरफ्तार किया गया व लूट किया गया सोने का फूल बरामद किया गया व महिला मुल्जिम से अन्य वारदातों के संबंध में अनुसंधान जारी है। प्रकरण हाजा में लूट करने वाले पुरूष साथी शैतान की तलाश जारी है।

अभियुक्त का विवरण:–

1. श्रीमती विधादेवी पत्नी श्री सुमेर जाति साटिया उम्र 22 साल निवासी पिपाड रेल्वे स्टेशन के पिछे झौपड पटी पुलिस थाना पिपाड सिटी जिला जोधपुर ग्रामीण।

कार्यवाही टीमः–

1. श्री राजेन्द्रसिंह चारण निपु थानाधिकारी विवेक विहार।
2. श्री सुखदास सउनि
3. श्री हरीराम हैका 1891
4. श्री मुरारीलाल हैका 1853,
5. श्री दौलाराम हैडकानि 2298
6. श्री गोपाल चौधरी कानि 1894
7. श्रीमती विधादेवी कानि 2832
8. श्री विजय कानि 2091
9. श्री राजेन्द्र कानि 2998

फोटोः–

(राजेन्द्रसिंह चारण निपु)
थानाधिकारी,
पुलिस थाना विवेक विहार
जोधपुर पश्चिम